Amar Ujala

Page No. 05 Date. 04th Mar 2019

रईसपुर में लगे हेल्थ कैंप में 228 मरीजों की हुई जांच

आईटीएस डेंटल कॉलेज-अमर उजाला की ओर से लगा कैंप

AMAR UJALA FOUNDATION

रईसपुर गांव में लगे हेल्थ कैंप में मरीजों के दांतों की जांच करते डॉक्टर। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

गाजियाबाद। आईटीएस डेंटल कॉलेज और अमर उजाला फाउंडेशन ने रविवार को रईसपुर में हेल्थ कैंप लगाया। पुराने शिव मंदिर स्थित लगे इस कैंप में 228 मरीजों का चेकअप हुआ। सुबह नौ बजे से लगे इस कैंप में आने लगे थे। कैंप दोपहर 2:30 बजे तक चला।

कैंप में डेंटल कॉलेज के 15 चिकित्सकों की टीम शामिल रही, इनमें दंत चिकित्सक सहित फिजियोथेरेपिस्ट शामिल रहे। कैंप में 176 लोगों के दांतों का चेकअप हुआ और 52 मरीजों की फिजियोथेरेपी की गई। अधिकतर लोगों के दांतों में गुटखा आदि केसेवन से गंदगी जमी हुई थी, उसकी सफाई की गई। इसके अलावा 37 मरीजों के दांतों में मसाला भरा गया। 12 मरीज जिनके दांत पूरी तरह खराब हो गए उनके दांत निकाले गए। इस दौरान लोगों को दांतों की देखभाल के लिए टिप्स भी दिए भी दिए। डॉ. रितु गुप्ता ने बताया कि आजकल खानपान की गलत आदतों की वजह से दांतों की समस्या आम हो गई है। दांतों की उचित देखभाल और साफ-सफाई की जाए तो दांतों को स्वस्थ रखा जा सकता है। चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने बताया कि डेंटल कॉलेज द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाए जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से जहां लोगों को अस्पतालों की सुविधा नहीं मिलती हैं।

अमर उजाला अखबार में कैंप लगने की सूचना मिली थी, खबर पढ़कर कैंप में आए थे। मुफ्त में दांतों की जांच के अलावा सफाई भी कराई।

मुनेश कुमार

दांतों में पीलापन की समस्या थी। घर के पास ही कैंप लगने से आसानी हो गई। कैंप में दांतों की जांच के अलावा सफाई भी हो गई।

बिजेंद्र सिंह,

दांतों की छोटी-मोटी समस्याओं को लेकर कई बार अस्पताल नहीं जाते। कैंप लगने से सुविधा हो जाती है। दांतों की देखभाल की जानकारी भी मिल जाती है और दांतों की जांच हो जाती है।

ओमप्रकाश

दांतों में ठंडा गर्म लगने की शिकायत थी। अखबार में पढ़कर पता चला कैंप कि कैंप लग रहा है। कैंप में दांतों की जांच कराई और दवाएं भी मुफ्त में मिलीं।

हरवेश कौर

Amar Ujala

Page No. 05 Date: 03 Mar 2019

रईसपुर में डेंटल चेकअप कैंप आज

अमर उजाला ब्यूरो

गाजियाबाद। आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर और अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से रईसपुर में डेंटल कैंप लगाया जा रहा है। रईसपुर स्थित पुराने शिव मंदिर में आज सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक यह कैंप लगाया जाएगा। इस कैंप में दंत रोग विशेषज्ञों के अलावा फिजियोथेरेपिस्ट शामिल रहेंगे। डेंटल कॉलेज की रीडर और कार्यक्रम संयोजक रितु गुप्ता ने बताया कि इस कैंप में मरीजों का चेकअप किया जाएगा। उनको मुफ्त दवाएं भी दी जाएंगी। जिन मरीजों के दांतों में कीड़े लगने या खोखला होने की समस्या है, उनके दांतों में मुफ्त मसाला भी भरा जाएगा। कैंप में जिन मरीजों को रूट कैनाल ट्रीटमेंट की जरूरत होती है, उनको रियायती दरों में आईटीएस डेंटल कॉलेज में यह सुविधा दी जाती है।

AMAR UJALA FOUNDATION

आईटीएस और अमर उजाला द्वारा लगाया जा रहा है कैंप

डेंटल कैंप में 947 मरीजों की हुई जांच

गाजियाबाद। आईटीएस डेंटल कॉलेज की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर रोज कैंप लगाए जाते हैं। इस एक हफ्ते में लगाए गए कैंपों में लगभग 947 मरीजों के दांतों की जांच हुई। कैंपों में मरीजों के दांतों की जांच के अलावा मुफ्त में दांतों में मसाला भरा गया और दवाएं भी दी गईं। कॉलेज की ओर से गोविंदपुरम, संजयनगर, मिसलगढ़ी, करहेड़ा सहित विभिन्न गांवों में कैंप लगाए गए, सैकड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से आरपी चड्ढा और अर्पित चड्ढा मौजूद रहे। ब्यूरो